भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 25 नवंबर 2024: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा "विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2024" (25 नवम्बर से 29 नवम्बर, 2024 तक) का आयोजन देशभर के सभी हवाई अड्डों एवं एएनएस (वायु यातायात सेवा) इकाइयों पर किया जा रहा है। यह सप्ताह भर चलने वाला कार्यक्रम भाविप्रा द्वारा प्रबंधित सभी हवाई अड्डों एवं एएनएस स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अध्यक्ष, भाविप्रा श्री विपिन कुमार ने अपने संदेश में भाविप्रा के सभी क्षेत्रों में संरक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया। संरक्षा जागरूकता सप्ताह के माध्यम से, अध्यक्ष महोदय ने इकाओ वैश्विक विमानन संरक्षा योजना के साथ तालमेल बिठाते हुए विमानन संरक्षा के प्रति भाविप्रा की प्रतिबद्धता को दोहराया तथा सभी को जीवन के हर क्षेत्र में संरक्षा को प्राथमिकता देने का सलाह भी दिया ।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष, भाविप्रा ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र एवं विशेष रूप से विमानन क्षेत्र में संरक्षा जागरूकता के महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होने भाविप्रा के कार्मिकों को उनके कार्य क्षेत्र से संबंधित संरक्षा विषयों के प्रति निरंतर सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान करते हुए "विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2024 के विधिवत उद्घाटन की घोषणा की।

संरक्षा जागरूकता सप्ताह की शुरुआत इंडिगो एयरलाइंस के उपाध्यक्ष एवं मुख्य उड़ान संरक्षा अधिकारी कैप्टन हेमंत कुमार की प्रस्तुति के साथ हुई, जिसके बाद जीएमआर दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य - संरक्षा एवं अनुपालन अधिकारी श्री विनीत कुमार की प्रस्तुति हुई, जिसमें मिस्ड अप्रोच और हवाई अड्डों पर पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के खतरे को नियंत्रित करने पर बल दिया गया।

इस दौरान विमानन संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु भाविप्रा द्वारा अपने हवाई अड्डों एवं एएनएस स्टेशनों पर विभिन्न कार्मिक सहभागिता कार्यक्रम जैसे दस्तावेजों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा, मॉक अभ्यास, सुविधाओं के निवारक रख-रखाव आदि गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए महाप्रबंधक (नि.सं.) से कृपया संपर्क करें: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 21/2024-2025

फोटो कैप्शन: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार भाविप्रा के विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2024 का उद्घाटन करते हुए। तस्वीर में उनके साथ भाविप्रा के सदस्य (एएनएस) श्री एम. सुरेश, सदस्य (एचआर) डॉ. एच. श्रीनिवास, सदस्य (वित्त) श्री पंकज मल्होत्रा, इंडिगो एयरलाइंस के उपाध्यक्ष एवं मुख्य उड़ान संरक्षा अधिकारी कैप्टन हेमंत कुमार, जीएमआर दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य-संरक्षा एवं अनुपालन अधियाकरी श्री विनीत कुमार, कार्यकारी निदेशक (विमानन संरक्षा) श्री ए.के. मीणा और भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित हैं।